assistance given to each Corporation is indicated below:—

Sl. No.	Name of State Seed Corporation	Amount given through NSC. (in Rupees)
1.	U.P. State Seed & Tarai Development Corporation. . . .	11,35,000.00
2.	Gujarat State Seed Corporation	2,71,345.00
3	Karnataka State Seed Corporation	2,25,290.00
4.	Punjab State Seed Corporation	2,12,806.00
5.	Haryana State Seed Development Corporation	2,32,636.00
6.	Rajasthan State Seed Corporation.	3,97,589.00
		24,74,666.00

During 1985-86 and 1986-87 no State Seed Corporation or State Government was given assistance for maintaining a buffer stock of certified seeds|foundation seeds.

3335. [*Transferred to the 28th March, 1988*].

राजौरी और पुंछ क्षेत्रों में अति शक्तिशाली दूरदर्शन ट्रांसमीटर

3336. **श्री रशीद मसूद** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान द्वारा राजौरी और पुंछ जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में अति शक्तिशाली ट्रांसमीटर लगा देने से इस क्षेत्र में दिल्ली से दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम धुंधले और अस्पष्ट दिखाई देने लगे हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि वास्तविकता की जानकारी प्राप्त करने के लिए अभी हाल ही में एक विशेषज्ञों की समिति वहां भेजी गयी थी, यदि हां, तो विशेषज्ञों के इस दल द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) से (ग) पाकिस्तान ने अपने आधिपत्य में किए गए कश्मीर में एक टी. वी. ट्रांसमीटर चालू किया है जिसका दूरदर्शन के पुंछ ट्रांसमीटर के संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। दूरदर्शन द्वारा प्रारंभिक जांच के लिए भेजे गये इंजीनियरों के एक दल ने यह पाया कि पाकिस्तान का ट्रांसमीटर उसी चैनल पर कार्य कर रहा था जिस पर पुंछ का ट्रान्समीटर कार्य करता है जिसके परिणामस्वरूप विशेषकर राजौरी में हस्तक्षेप होता है ।

मामले को पाकिस्तान के प्राधिकारियों के साथ उपयुक्त रूप से उठाया गया है ।

बेरोजगारी का दूर किया जाना

3337. **श्री रशीद मसूद** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 29 फरवरी, 1988 के इकानामिक टाइम्स में "50 परसेंट एशियन यूथस टू गैट